भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 576

(दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए)

दूरदर्शन और आकाशवाणी सेवाओं का विस्तार

576. श्री थरानिवेंथन एम. एस.:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान देशभर में, विशेषकर तमिलनाडु के अराणी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में दूरदर्शन और आकाशवाणी सेवाओं के विस्तार के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ग्रामीण, पहाड़ी, तटीय और सीमावर्ती क्षेत्रों में रेडियो और टेलीविज़न प्रसारण की पहुंच में कमियों की पहचान की है और उक्त कमियों को दूर करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) तमिलनाडु में प्रसार भारती के अंतर्गत नए ट्रांसमीटरों, टावरों, डिजिटल स्टूडियो और एफएम चैनलों की स्थापना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार का दूरदर्शन और आकाशवाणी पर अधिक तमिल सामग्री सहित क्षेत्रीय भाषा के प्रसारण का विस्तार करने का प्रस्ताव है; और

(ङ) सरकार द्वारा शैक्षिक, कृषि, सांस्कृतिक और आपातकालीन संचार आवश्यकताओं के लिए सार्वजनिक प्रसारण तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने हेतु किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ङ): प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम देश में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी की प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण तथा उन्नयन के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है। वर्ष 2021-26 के लिए इस स्कीम को ₹2539.61 करोड़ के कुल

परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया है। इस स्कीम की अवधि 31.03.2027 तक बढ़ा दी गई है।

इस स्कीम के अंतर्गत आकाशवाणी के ट्रांसमीटरों एवं स्टूडियो की स्थापना तथा आधुनिकीकरण, डीडी फ्री डिश डीटीएच प्लेटफॉर्म एवं डीडी टीवी चैनलों का विस्तार शामिल है। इसमें प्रोडक्शन एवं पारेषण सुविधाओं का उन्नयन भी शामिल है।

इस स्कीम के अंतर्गत ट्रांसमीटरों का उन्नयन, एफएम सेवाओं का विस्तार, अप्रचलित उपकरणों का प्रतिस्थापन, डिजिटलीकरण तथा कवरेज विस्तार संबंधी परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण, पर्वतीय, तटीय एवं सीमावर्ती क्षेत्रों, जिनमें तमिलनाडु का अराणी निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल है, में कवरेज में कमी को दूर किया जा सके।

देश में आकाशवाणी की मीडियम वेव तथा एफएम सेवाओं की संयुक्त कवरेज जनसंख्या के आधार पर लगभग 98 प्रतिशत तथा भौगोलिक क्षेत्रफल के आधार पर लगभग 90 प्रतिशत है। सरकार कवरेज में कमी को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान बीआईएनडी स्कीम के अंतर्गत तमिलनाडु में कार्यान्वित प्रमुख परियोजनाएं निम्नलिखित हैंः

- रामेश्वरम में 20 किलोवाट क्षमता के एफएम ट्रांसमीटर को चालू करना।
- सेलम में 5 किलोवाट क्षमता के एफएम ट्रांसमीटर।
- वेल्लोर में 5 किलोवाट क्षमता के एफएम ट्रांसमीटर।
- कुंभकोणम में 10 किलोवाट क्षमता के एफएम ट्रांसमीटर।
- चेन्नई में वर्चुअल रेडियो प्रणाली।
- चेन्नई स्थित अर्थ स्टेशन में अपलिंक एंटीना प्रणाली तथा यूपीएस की स्थापना की गई है।
- दूरदर्शन केंद्र, चेन्नई में कार्यक्रम निर्माण सुविधाओं और एचडी सुविधाओं का स्वचालन।
- दूरदर्शन केंद्र, चेन्नई में नए कार्यक्रम निर्माण उपकरण तथा सक्रिय एलईडी वीडियो वॉल।

भारत सरकार द्वारा 19 जनवरी, 2024 को डीडी तमिल चैनल के पुनर्संरचित स्वरूप का शुभारंभ भी किया गया है। यह 24×7 समर्पित टेलीविजन चैनल है। इस चैनल पर तमिल भाषा में कला, संस्कृति, साहित्य, विरासत तथा विशिष्ट व्यक्तियों पर आधारित कार्यक्रमों के साथ-साथ तमिलनाडु से संबंधित समाचार एवं समसामयिक विषयों का प्रसारण किया जाता है। इस चैनल का प्रसारण एचडी में भी किया जाता है। दोनों चैनलों का प्रसारण प्रसार भारती के डीडी फ्री डिश, जो एक निःशुल्क डीटीएच प्लेटफार्म है, पर उपलब्ध है। तमिलनाडु में आकाशवाणी के 17 चैनल संचालित हैं तथा इन सभी चैनलों का सीधा प्रसारण न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध है।

डीडी फ्री डिश प्लेटफार्म पर क्षेत्रीय चैनलों को शामिल किए जाने को प्रोत्साहित किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप, तमिल चैनलों सहित 28 क्षेत्रीय भाषा चैनलों को इस प्लेटफार्म पर शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रसार भारती एवं बीआईएसएजी-एन के साथ समझौता

ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत डीडी फ्री डिश पर 300 से अधिक सह-ब्रांडेड शैक्षिक चैनल उपलब्ध हैं। आकाशवाणी तथा दूरदर्शन नेटवर्क द्वारा शिक्षा, कृषि, संस्कृति तथा जन-जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। आपदाओं के दौरान ये आपातकालीन संचार के विश्वसनीय माध्यम के रूप में भी कार्य करते हैं। दूरदर्शन तथा आकाशवाणी के चैनल वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध हैं।

****